# महाकुंभ 2025

# प्रेस नोट / ट्रैफिक एडवाइजरी

## यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

**दिनांक 24.01.2025 रात्रि 12.00 बजे से दिनांक 05.02.2025 की रात्रि 12.00 बजे तक महाकुंभ 2025 के पलट प्रवाह को देखते हुए आमजनमानस के सुगम यातायात व्यवस्था हेतु निम्न ट्रैफिक एडवाइजरी लागू की जा रही है-**

- महाकुंभ 2025 पलट प्रवाह को देखते हुए बाह्य जनपदों से वाराणसी आने वाले बस रोडवेज/ प्राइवेट जनपद के बाह्य पार्किंग स्थल पर ही पार्क होगें।
- आजमगढ़, जौनपुर एवं गाजीपुर की बसे रोडवेज/ प्राइवेट हरहुआ से आगे नही आयेगी। वही पार्किंग **P-01**, **P-02**, **P-03** में पार्क होगी। इलेक्ट्रिक/सिटी बसे यात्रियों को लेकर हरहुआ से गिलट बाजार होते हुए छोटी कटिंग मेमोरियल ग्राउण्ड तक आयेगी पुनः यात्रियों को लेकर हरहुआ तक जाएगी। शहर में आने वाले यात्री कटिंग मेमोरियल ग्राउण्ड से ऑटो/टोटो के माध्यम से अपने गंतव्य को जायेंगें। ( जो प्लेटफार्म न0- 09 के नजदीक है )
- सोनभद्र, प्रयागराज, मिर्जापुर से आने वाली रोडवेज/ प्राइवेट बसें मोहनसराय के पास **P-15, ट्रांसपोर्ट नगर ग्राउंड** में पार्क होगी। इलेक्ट्रिक/सिटी बसे यात्रियों को लेकर मोहनसराय से चांदपुर तक आयेगी तथा पुनः यात्रियों को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर ग्राउंड मोहनसराय तक जाएगी। यात्री वहां से ऑटो/टोटो के माध्यम से अपने गंतव्य को जायेंगें।
- जगतपुर इंटर कॉलेज के आगे कोई भी चार पहिया वाहन यूपी-65 के अलावा शहर के अन्दर नही आयेगी। वही पार्किंग **P-04 जगतपुर इंटर कॉलेज** में पार्क होगी। यात्री वहां से ऑटो/टोटो के माध्यम से अपने गंतव्य को जायेंगें।
- अखरी बाइपास से यूपी-65, के अलावा कोई भी रोडवेज/ प्राइवेट बस /चार पहिया वाहन को शहर के अन्दर नही आने दिया जाएगा। **पार्किंग P-05 संत रविदास मंदिर ग्राउण्ड** में पार्क होगें तथा ऑटो/टोटो के माध्यम से अपने गंतव्य को जायेंगें।
- **सोनभद्र, विंध्यनगर, काशी, चंदौली, वाराणसी ग्रामीण, कैण्ट डिपो के बसें मोहनसराय, चांदपुर, लहरतारा से होते हुए कैण्ट तक आयेगी।** इसके अतिरिक्त कोई भी बसे रोडवेज/ प्राइवेट शहर के अन्दर प्रवेश नही करेगी।

**महाकुंभ 2025 के पलट प्रवाह को देखते हुए नीचे दिये गये ट्रैफिक एडवाइजरी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।**

- लकड़मण्डी तिराहा/सम्पूर्णानन्द तिराहा से यूपी-65 के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन/टैक्सी/ऑटो शहर के अन्दर नही आयेगी। **पार्किंग P-12 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय** में पार्क होगी तथा

ऑटो/टोटो के माध्यम से अपने गंतव्य को जायेंगें। लकड़मण्डी तिराहे से आने वाले वाहनों को **पार्किंग-P-14 डीएवी कॉलेज** लोहटिया के पास पार्क करायी जाएगी।

- गोलगड्डा तिराहा से यूपी-65, के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन विशेश्वरगंज के तरफ नही जाएगी।
- भदऊ चुंगी तिराहा से यूपी-65, के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन विशेश्वरगंज के तरफ नही जाएगी।
- कबीर मठ तिराहा से यूपी-65 के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन मैदागिन तरफ नही जाएगी। **पार्किंग P-13 कबीर मठ मैदान** पिपलानी कटरा के पास पार्क होगी। पार्किंग फुल हो जाने के बाद **पार्किंग- P-14 डीएवी कॉलेज** लोहटिया के पास पार्क करायी जाएगी।
- अमर उजाला तिराहा से यूपी-65 के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन मैदागिन के तरफ नही जाएगी। **पार्किंग P-12 संम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय** में पार्क होगी
- रामकटोरा चौराहा से अमर उजाला की तरफ किसी भी वाहन को नही जाने दिया जाएगा।
- गोलगड्डा तिराहा से यूपी-65 के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन विशेश्वरगंज के तरफ नही जाएगी।
- सिटी बस ( डीजल) डीजल लेने हेतु कैण्ट फ्लाईओवर के उपर से गोलगड्डा काशी डिपो तक जाएगी।
- वाहन टेम्पो ट्रैवलर भी कुंभ के भीड़ को देखते हे शहर क्षेत्र में प्रवेश नही करेगी, वरूणा क्षेत्र में ही रहेगी।
- **सभी पैडल रिक्शा काशी जोन में प्रतिबंधित किया गया है,** इस दौरान किसी प्रकार का संचरण पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही किये जाने हेतु जोन के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है।
- **लोडर/मालवाहक वाहन** काशी क्षेत्र में प्रतिबंधित किया जाता है, इस दौरान किसी प्रकार का संचरण पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही किये जाने हेतु जोन के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है। ***(रात्रि 11.00 बजे से सुबह 07.00 बजे तक आवागमन अनुमन्य है )***

अतः सर्व सम्बन्धित से यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की विनम्र अपील है कि उपरोक्तानुसार प्रस्तावित महाकुंभ 2025 पलट प्रवाह को देखते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें अत्यंत आवश्यकता की दशा में ही वाहन एवं अतिरिक्त समय लेकर काशी क्षेत्र में निकले। उपरोक्त कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

# महाकुंभ-2025 पार्किंग व्यवस्था कमिश्नरेट वाराणसी

- **प्रयागराज से वाराणसी (काशी) आने वाले पलट प्रवाह हेतु पार्किंग व्यवस्था:**

| पार्किंग कोड | पार्किंग स्थल का नाम | क्षमता | पार्किंग स्थल तक जाने के लिए |
|---|---|---|---|
| P-01 | हरहुआ बस पार्किंग रामेश्वर लॉन | बस-100 | क्लिक करें |
| P-02 | रिंग रोड रामेश्वर लॉन के सामने (परमेश्वर धाम) | कार, टैक्सी-100 | क्लिक करें |
| P-03 | कृषक इंटर कॉलेज हरहुआ | प्राइवेट बस- 100 | क्लिक करें |
| P-04 | जगतपुर इंटर कॉलेज, रोहनिया | कार, टैक्सी-500 | क्लिक करें |
| P-05 | संत रविदास मंदिर ग्राउण्ड | बस-500,कार तथा टैक्सी-200 | क्लिक करें |
| P-06 | विश्वसुन्दरी पुल के नीचे | बस-50 | क्लिक करें |
| P-07 | लंका मैदान रामनगर | बस,कार तथा टैक्सी-600 | क्लिक करें |
| P-08 | रेलवे ग्राउण्ड (NER) नियर सनबीम | कार, टैक्सी-300 | क्लिक करें |
| P-09 | सर्व सेवा संघ खाली मैदान | कार, टैक्सी-200 | क्लिक करें |
| P-10 | पानी टंकी के नीचे खाली मैदान नमो घाट के बगल में | कार, टैक्सी-200 | क्लिक करें |
| P-11 | भदुऊ चुंगी के दाहिने तरफ रेलवे विभाग का मैदान | कार, टैक्सी-200 | क्लिक करें |
| P-12 | सम्पूर्णांनन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, चौकाघाट के पास | कार, टैक्सी-500 | क्लिक करें |
| P-13 | कबीर मठ मैदान, पिपलानी कटरा के पास | कार, टैक्सी-100 | क्लिक करें |
| P-14 | डी0ए0वी0 कॉलेज, लोहटिया के पास | कार, टैक्सी-500 | क्लिक करें |
| P-15 | ट्रांसपोर्ट नगर ग्राउंड, मोहनसराय | बस-1000 | क्लिक करें |

**पार्किगं स्थल P-01 से P-15 तक जाने के लिए दिये गये  लिंक पर पर जाएं**

https://tinyurl.com/4jk86w7e

या

क्यू आर कोड को स्कैन करें

वाराणसी आने वाले दर्शानार्थी/श्रद्धालु उपरोक्त लिंक के माध्यम  से  या क्यू आर कोड स्कैन करके अपने निकतम पार्किंग स्थल तक गुगल मैप के माध्यम से जा सकते है।